# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

## IQAC Minutes सत्र 2019-20

**आज दिनांक 10/07/2019 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में आयोजित बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा हुई :**

1. प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति एवं कक्षाओं के नियमित संचालन के सम्बन्ध में तिथि का निर्धारण कर लिया जाय |

2. अकादमिक कार्यो को बढ़ाने के लिए महाविद्यालय के सभी विभागों द्वारा गुणवता पूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने के सुझाव दिए गए |

**कार्यवाही:**

1. प्रवेश प्रक्रिया एवं छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में क्रमशः डॉ० अनीता कुमारी, एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत, श्री अकबरे आज़म, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान एवं डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान को दायित्व सौपा गया एवं दिनांक 20 अगस्त 2019 तक प्रवेश कार्य पूर्ण कर लिया गया |

2. महाविद्यालय के सभी विभाग परिषदों द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक एवं साहित्यिक अवदानो पर वर्षभर समय समय पर निबन्ध लेखन, वाद-विवाद प्रतियोगिता, भिति-चित्र प्रतियोगिता, चित्रवीथी प्रतियोगिता अनुसंधानात्मक एवं सृजनात्मक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया |

**दिनांक 13/10/2019 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में निमंलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ :**

1. छात्राओं को समकालीन मुद्दों, गाँधीवादी मूल्यों एवं वैज्ञानिक तकनीक से जोड़ने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाये |

2. सभी विभागों द्वारा परिषदों के गठन एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा हेतु आवेदन के सम्बन्ध में बैठक कि गई |

**कार्यवाही:**

1. महाविद्यालय में दिनांक 23 नवम्बर 2019 को गाँधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा समकालीन वैश्विक परिदृश्य और गाँधी जयंती विषय पर अंतर विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी, दिनांक 29 नम्वर 2019 को डॉ० बी० एन० पाण्डेय के नेतृत्व में विज्ञान संकाय द्वारा डी० एन० ए० फिंगर प्रिंटिंग ए बून टू फॉरेंसिक साइंस पर कार्यशाला, दिनांक 06 दिसम्बर 2019 को आई० क्यु० ए० सी० द्वारा अम्बेडकर दिवस पर प्रसार व्याख्यानमाला के अन्तर्गत गोष्ठी तथा आई० क्यु० ए० सी० एवं भू-गर्भ विज्ञान द्वारा शोध-पत्र लेखन पर डॉ० महेंद्र सिंह का व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया |

2. सभी विभागों द्वारा परिषदों के गठन किया गया एवं छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन भरा गया |

**आज दिनांक 09/01/2020 को प्राचार्य कक्ष में आयोजित बैठक में आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों द्वारा निम्न बिन्दुओ सुझाव दिये गये :**

1. प्राचार्य द्वारा समस्त विभागों से पाठ्यक्रम व वार्षिक परीक्षा के सम्बन्ध में अद्यतन जानकारी ली |

2. एन०सी०सी०, एन०एस०एस० तथा रोवर रेंजर की गतिविधियों के सम्बन्ध में प्रभारियों के साथ बैठक |

3. महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह (स्पर्धा) एवं वार्षिकोत्सव (सर्जना) की तैयारियों के सम्बन्ध में विभिन्न प्रभारियों को उनके दायित्वों के सम्बन्ध में निर्देश दिया गया |

**कार्यवाही:**

1. प्राचार्य ने अतिरिक्त व रेमिडियल कक्षायें लेकर पाठ्यक्रम को पूर्ण करने तथा शिथिल छात्राओं को विशेष ध्यान देने के सम्बन्ध में निर्देश दिये |

2. एन०सी०सी०, एन०एस०एस० तथा रोवर रेंजर के सम्बन्ध में क्रमशः डॉ० शशिकला जैसवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी, डॉ० इकलाख खान, असिस्टेंट प्रोफेसर समाज शास्त्र एवं श्री शिव कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान को दायित्व सौपा गया |

3. महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह (स्पर्धा) दिनांक 10 व 11 जनवरी, 2020 को एवं वार्षिकोत्सव (सर्जना) दिनांक 16 फरवरी, 2020 को सम्पन्न हुआ |

**दिनांक 20/03/2020 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच संगोष्ठी कक्ष में कोविड सुरक्षा को लेकर निमंलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श हुआ :**

1. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा के स्थगन एवं सरकार द्वारा लगाये गये लॉक डाउन के बारे में विचार किया गया |

2. स्नातक, परास्नातक एवं शोध कक्षाओं के सम्बन्ध में विचार किया गया |

**कार्यवाही:**

1. वैश्विक महामारी कोविड से सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा लगाये गये लॉक डाउन के कारण विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा को अगले सूचना तक पूर्ण रूप से स्थगित कर दिया गया |

2. स्नातक, परास्नातक एवं शोध कक्षाओं को घर पर रहकर कार्य के तहत ऑनलाइन मोड में संचालित करने का निर्देश दिया गया |

**आज दिनांक 05/05/2020 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच आयोजित ऑनलाइन बैठक में निम्न सुझाव दिये गये :**

1. पुरा छात्रा सम्मलेन तथा प्राध्यापक-अभिभावक बैठक को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में करने का सुझाव दिया गया |

**कार्यवाही:**

1. पुरा छात्रा सम्मलेन ऑनलाइन मोड में डॉ० दीप्ति सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर संगीत, डॉ० संतन कुमार राम, असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल एवं डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान के निर्देशन में आयोजित हुआ |

2. प्राध्यापक-अभिभावक बैठक को ऑनलाइन मोड में डॉ० अनीता कुमारी, एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत, डॉ० शिव कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर मनोविज्ञान तथा डॉ सारिका सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के निर्देशन में आयोजित हुआ |

**आज दिनांक 05/06/2020 को प्रो० सविता भारद्वाज, प्राचार्य एवं आई० क्यु० ए० सी० सदस्यों के बीच आयोजित ऑनलाइन बैठक में निम्न सुझाव दिये गये :**

1. महाविद्यालय की एन०आई०आर०एफ० रैंकिंग के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया गया |

**कार्यवाही:**

1. महाविद्यालय की एन०आई०आर०एफ० रैंकिंग के लिए आवेदन करने का दायित्व डॉ बी०एन० पाण्डेय, एसोसिएट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान, श्री अकबरे आज़म, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान, डॉ० दिवाकर मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान तथा सुश्री लवली सिंह, कनिष्ठ कार्यालय अधीक्षक को सौपा गया | जिसके क्रम में एन०आई०आर०एफ० रैंकिंग में महाविद्यालय पहली बार सम्मिलित हुआ |

**समन्वयक**

Deepti Singh

**Chairman**
**Internal Quality Assurance Cell**
**Rajkiya Mahila P.G. College**
**Ghazipur (U.P.)**

**प्राचार्य**

प्राचार्य
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गाजीपुर-233001